दीक्षांत समारोह के साथ-साथ महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री जयंती धूमधाम से मनायी गयी

राष्ट्रीय प्रस्तावना

लखनऊ। महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती 2 अक्टूबर 2017 को स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ के परिसर में डिप्लोमा इंजिनीयरिंग के दीक्षांत समारोह के साथ-साथ मनायी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुमेर अग्रवाल, निदेशक डा0 मनोज मेहरोत्रा वा महानिदेशक डॉ भरत राज सिंह आदि ने छात्र/छात्राओं को अपने संबोधन में गाँधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा राष्ट्र के प्रति उनके द्वारा किये गए कार्यो से शिक्षा लेंने पर विशेष जोर देते हुए स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ भाग लेने व देश को नयी दिशा देने का संकल्प दिलाया तथा डिप्लोमा इंजिनीयरिंग के दीक्षांत समारोह का भी कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विराम खण्ड-5 जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष श्री जीएन सिन्हा, सचिव श्री आर0 यस0 मिश्र, समिति के पर्यावरण सलाहकार डॉ0 भरत राज सिंह,मेजर टीबी श्रीवास्तव, यूसी त्रीपाठी तथा यसबीयल मल्होत्रा आदि ने भी गांघी जयंती वासंती पार्क में इस संकल्प के साथ मनाया की स्वच्छता अभियान को लोगो में प्रचारित करेंगे तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखेंगे।